10 एक बार कन्हाई पर विश्वास कर लें जीवन बदल जायेगा : भूपेंद्र





10 केपीएस ने जीपीएस को दी मात, क्रिकेट में चैम्पियन










# आईआईटी के हेल्थ सेंटर का ऑक्सीमीटर हार्ट रेट और ऑक्सीजन सिलेंडर तक खराब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## छात्र सौमिल के मौत के बाद खुलासा, छात्र का चैट हो रहा वायरल

खास खबर



1. First thing is that all the medical instruments that they used oximeter, heart rate measuring machine and oxygen cylinder all three had faults one didn't had battery, second was not functional and for third wrench was required to making it functionalable also there was not proper oxygen mask there.
3. they are using every thing on the words of a nurse, but the truth is that our kid went to health centre for four times out of which he got to meet

आईआईटी छात्र सौमिल के मौत मामले में नई बात सामने आ रही है। छात्रों ने मैनजेमेंट और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप भी लगाए है। एक छात्र के वाट्सअप ग्रुप का चैट जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि सौमिल के पिता को छात्रों से बात करने तक नहीं दिया। छात्र के चैट में सौमिल साहू के बुखार से लेकर उसकी मौत और सौमिल के पिता के शव ले जाने तक का पूरा अपडेट है। परिजनों ने डॉक्टर पर दवाई का ओवरडोज देने का भी आरोप लगाया है। आईआईटी भिलाई दीक्षांत समारोह की तैयारियों में व्यस्त था। इधर सौमिल की तबियत बिगड़ने से उसके मित्र चिंतित थे। हालत खराब होने पर मित्र उसे हेल्थ सेंटर लेकर गए। जहां छात्र लगातार वॉट्सअप पर लगातार अपडेट साझा कर रहे थे। संदेशों में छात्रों ने हेल्थ सेंटर की कमियां भी गिनाई हैं। चैट में आरोप है कि जिन मेडिकल उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। वहां ऑक्सीमीटर, हार्ट रेट मापने की मशीन और ऑक्सीजन सिलेंडर। तीनों में खराबी थी। एक में बैटरी नहीं थी, दूसरा काम नहीं कर रहा था। तीसरे को चालू करने के लिए रेंज की जरूरत थी। इसके अलावा जब सौमिल के माता-पिता ने सौमिल का शव लिया और कैंपस के अन्य छात्रों, कमरे के मेट्स से मिलने की इच्छा जताई। लेकिन उन्हें मिलने तक नहीं दिया गया। सौमिल की मौत के बाद आईआईटी के छात्र-छात्राओं ने आक्रोश पूरी तरह फूट गया है। छात्र ने अपने चैट में आरोप लगाया है कि पूरा सिस्टम ही खराब है। उन्होंने बताया कि मैनेजमेंट एक नर्स के बयान पर चल रहा है। जबकि सच्चाई दोस्त हेल्थ सेंटर में चार बार गया, जिनमें से केवल एक बार ही उसे डॉक्टर मिला। उसमें भी उसने बिना किसी जांच के सिर्फ दवा दिया गया। सुबह जब वह गया था, तब भी वहां कोई डॉक्टर नहीं था। सिर्फ एक नर्स थी। आईआईटी प्रबंधन ने इन आरोपों पर कहा कि कभी पलड़ा नहीं झाड़ा। अगर हमें पलड़ा झाड़ना होता तो हम कभी दुर्ग एसपी को पत्र नहीं लिखते। हमने पूरी बात एसपी को पत्र के माध्यम से बताई। ताकि कोई लापरवाही हुई है तो जांच हो सके। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी भी बनाई है। कमेटी में एम्स के डॉक्टर हैं जो पूरे मामले की जांच करेंगे। फीमेल डॉक्टरों को भी रखा गया है। छात्र प्रतिनिधि भी इसमें शामिल है।

### ओवर वेट डोज दिया गया

सौमिल साहू के जीजा कमलेश साहू के मुताबिक जो स्टोरी मैनेजमेंट द्वारा बताई जा रही है। रियलिटी है, वो अलग-अलग है। मैनेजमेंट के अनुसार सौमिल को अस्पताल लाया गया और 11.49 को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित करने की बात कही गई है सौमिल ने नाश्ता किया। उसके बाद उसे उल्टी हो गई। उल्टी आने के बाद कोई खत्म नहीं हो जाता है। घटनाक्रम में मैनेजमेंट की लापरवाही और मूलभूत सुविधाओं की कमी साफ दिख रही है। वजन के हिसाब से उसे ओवर वेट डोज दे दिया गया।

### शार्ट पीएम में भी वजह क्लीयर नहीं

बताया गया है कि सौमिल साहू की मौत की असली वजह अब तक अक्लीयर नहीं हो पाया है। शॉर्ट पीएम में भी मौत का कारण अज्ञात है। जिसके कारण विसरा को जांच के लिए भेजा गया है। शॉर्ट पीएम में एक छोटी सी चीज ने मामले को और पेचिदा कर दिया है। खबर है कि सौमिल के सिर पर दाईं तरफ, सामने की ओर चोट के निशान मिले हैं। यह चोट के निशान हल्के है, जिसकी वजह से हल्का सूजन पाया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि यह चोट कैसे और किस तरह लगे हैं। इसे बता पाना मुश्किल है। गिरने या दीवार से टकराने से भी ऐसे चोट लग सकते हैं। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी।

# साप्ताहिक मार्केट कुरूद में चली गोली, इवेंट कर्मी बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## आपसी रंजिश के कारण साजिश के तहत घटना स्थल पर बुलाया, जामुल पुलिस कर रही जांच

इवेंट कर्मी पर शुक्रवार की रात बाइक सवार हमलावर फायरिंग कर फरार हो गए। घटना जामुल थाना अंतर्गत साप्ताहिक बाजार कुरुद के पास की है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि विकास प्रजापति नामक युवक इवेंट का काम करता है। उसके मोबाइल पर कॉल कर उसे कैलाश नगर स्थित साप्ताहिक मार्केट कुरुद के पास रात को बुलाया गया। जैसे ही विकास मौके पर पहुंचा। बाइक में सवार दो युवकों में से एक युवक ने अचानक फायरिंग कर दी। गोली विकास के कान के पास से छुकर निकल गई। उसे मामूली चोट आई। गोली सामने एक मकान के दीवार से पुलिस ने बरामद की है।



अज्ञात का निशाना चूक जाने से युवक की जान तो बच गई, लेकिन फायरिंग के दौरान उसे कान के पास हल्की चोट जरूर आई है। उसके कारण उसे कान के सुनने में दिक्कत हो रही है। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके में फॉरेंसिक एक्टसपर्ट, पुलिस समेत ऑला अधिकारी भी पहुंचे थे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। जहां से गोली के अवशेष बरामद किया गया है। वहीं आसपास की दीवार पर फायरिंग के स्पष्ट निशान भी मिले है। अज्ञात हमलावर एक से अधिक बार गोली चलाकर विकास प्रजापति को नुकसान पहुंचा सकते थे। संदेह जताया जा रहा है कि विकास के पुरानी रंजिश में शुभम हत्याकांड से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### सीसी कैमरा भी खंगाला जा रहा

पुलिस गोली चलने के बाद मौके या आसपास लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा फुटेज की तलाश में सीसी कैमरों को चेक कर जानकारी जुटाई जारही है। बाइक पर पहुंचे हमलावर की स्केच भी बनाया जा सकता है। फायरिंग के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। संदिग्ध युवकों की जानकारी जुटाई जा रही है। बाइक के नंबर की तलाशी की जा रही है। सीसी कैमरों में स्पष्ट दिखाई नहीं देने की खबर है, पुलिस उसे खंगाल रही है।

### जांच किया जा रहा है

" फायरिंग हुई है। खबर लगने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना संदेहस्पद लग रहा है। मार्केट एरिया में घटना हुआ है।आसपास में किसी को आवाज सुनाई देनी थी। फिलहाल जांच किया जा रहा है। घटना में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।

-हेमप्रकाश नायक, सीएसपी छावनी







## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत में आध्यात्मिक वातावरण के बीच सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा भवन देवांगन द्वारा अपने माता-पिता की पावन स्मृति में आयोजित की गई है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कृष्णा कुमार तिवारी के मुखारविंद से हो रहा है, जिनकी वाणी और आध्यात्मिक ज्ञान से श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे हुए हैं। कथा के पहले दिन से ही पंडाल में सुबह से भीड़ उमड़ रही है। नगरवासियों, क्षेत्रीय ग्रामीणों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम में पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पंडित तिवारी ने भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों के माध्यम से धर्म, भक्ति, करुणा और सत्कर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण चरित्र, भक्तों की महिमा और जीवन में सदाचार के मार्ग को अत्यंत सरल भाषा में समझाया जा रहा है। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है। भजन-कीर्तन और शंख-ध्वनि से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा है। भवन देवांगन और उनके परिवार द्वारा श्रद्धापूर्वक किए गए इस आयोजन की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। श्रद्धालु आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील कर रहे हैं।

### परिक्षेत्रीय साहू संघ का विस्तार, मिली जिम्मेदारी

**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन के निर्देशानुसार परिक्षेत्रीय साहू संघ तेलीगुण्डरा के निर्वाचन में



रामनारायण साहू भनसुली अध्यक्ष एवं ग्रा कौही के कामता प्रसाद साहू उपाध्यक्ष चुने गए। महिला उपाध्यक्ष आरती सोरम ,संगठन सचिव छत्रपाल तरीघाट तथा महिला संगठन सचिव भगवती साहू परसुर भनसुली को बनाये गये है। मनोनीत पद पर सचिव श्यामलाल साहू तेलीगुण्डरा, कोषाध्यक्ष गरीबदास साहू खर्रा, तहसील प्रतिनिधि यशवंत, तरीघाट युवा संयोजक, अश्विनी महिला, संयोजिका चमेली साहू, प्रचार सचिव तुलाराम साहू, मीडिया प्रभारी देवनारायण साहू, संरक्षक दिनेश साहू, धनराज साहू, आमंत्रित सदस्य अशोक, गंगादीन, चंद्रिका, हिमाचल, न्याय प्रकोष्ठ, संयोजक मूलचंद, सचिव, कैलाश साहू को बनाये गये है। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को परिक्षेत्र के 21 स्थानीय साहू समाज के लोगों ने बधाई दी है।

## निधन

### पीजे नायडू

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के



सेवानिवृत कर्मचारी (वायर रॉड मिल) बोरसी निवासी पीजे नायडू का 15 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 नवंबर को उनके निवास स्थान प्लाट नं. 117, पैराडाईज कालोनी बोरसी से दोपहर 1 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्व. पीजे नायडू , एएस नायडू के पिता व आदित्य नायडू के दादा थे।

# नाकाबंदी कर सुनसान आउटर क्षेत्र में पेट्रोलिंग और चेकिंग भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रात के अंधेरे में अब जिले की पुलिस पेट्रोलिंग कर नाकाबंदी कर चेकिंग पर निकली है। इस दौरान अवैध रूप से शराब, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों की धरपकड़ के लिए नाकाबंदी कर चेकिंग किया जा रहा है।

अवैध हथियार या चाकू रखने वाले लोगों की भी की गई चेकिंग जारी है। रात के समय अड्डे बाजी करने वाले, खाली घूमने वाले लोगों से पूछताछ व चेकिंग कर दी गई हिदायत, संपूर्ण जिले में 10 महत्वपूर्ण स्थानों में लगाया गया नाकाबंदी चेकिंग पाईंट। जिसके तहत नाकाबंदी अभियान में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 417 व्यक्तियों पर कार्रवाई। जिला दुर्ग पुलिस ने 13 नवम्बर की रात 11 से 2 तक जिले के 10 स्थानों में नाकाबंदी, सुनसान एवं आउटर एरिया में पैदल पेट्रोलिंग, नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई की गई। गांजा तस्करी करने वाले लोगों की धरपकड़ के लिए चेकिंग।

जिले अंजोरा चौकी के सामने, बाफना टोल प्लाजा, जेवरा सिरसा चौकी के सामने, डीपीएस चौक भिलाई नगर, बोगदा पुलिया जामुल, कुम्हारी टोल प्लाजा, तिरंगा चौक अमलेश्वर, तरीघाट पाटन, रिसामा चौक अंडा, गंडई चौक धमधा आदि महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया।

**खास बातें**

- रात 11 बजे से 2 बजे तक नाकाबंदी
- अड्डेबाजी करने वाले और खाली घूमने वालों की अब खैर नहीं
- प्रशासन बरत रहा सख्ती

### रात के अंधेरे में निकली पुलिस की टीम, पैदल पेट्रोलिंग कर, सघन चेकिंग



### सैकड़ों की संख्या में हुई कार्रवाई

नाकाबंदी पॉइंट में थाना प्रभारियों की उपस्थिति में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए। वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई,रात में बाहर निकलने कारण, रात में यात्रा आदि करने के प्रयोजन को लेकर पकड़े गए लोगों से जानकारी ली गई। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 406 पर कार्रवाई की गई। साथ ही 230 लोगों का ई चालान के माध्यम से मोटर व्हीकल एक्ट पर कार्रवाई की गई।

## पहल : केंद्रों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई धान खरीदी

# समितियों के आंदोलन के बीच जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में धान खरीदी की शुरूआत, पहुंच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶जामगांव आर

जिले के ग्रामीण अंचल में प्रशासनिक तैयारियों के बीच शनिवार से धान खरीदी शुरू हो गई। हालांकि समितियों में आंदोलन भी जारी है लेकिन शासन की घोषणा के अनुरूप औपचारिक तौर पर खरीदी शुरू कर दी गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा जामगांव आर के अधीनस्थ सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शनिवार से शुरू हो गई। जिसमें सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में 3 किसानों से 280 क्विंटल, कुम्हली में 8 किसानों से 575.60 क्विंटल, भरर में 2 किसानों से 170 क्विंटल तथा बटरेल में सबसे ज्यादा 22 किसानों से 800 क्विंटल धान खरीदी की गई।सेवा सहकारी समिति कुम्हली धान खरीदी शुभारंभ में समिति के प्राधिकृत अधिकारी तेजेंद्र पिपरिया शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार मढ़रिया, पर्यवेक्षक बीरेंद्र कुमार देशमुख, समिति प्रबंधक अतुल कुमार वर्मा एवं समिति कुम्हली के किसान उपस्थित थे। प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर जामगांव आर में भगवान सिंह चंद्राकर, निपानी में बेनीराम साहू, बटरेल में कमलेश साहू और भरर में राजेश बंछोर उपस्थित रहे।

सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तौल केंद्र, गोदाम व्यवस्था, पंजीयन जांच, गुणवत्ता परीक्षण और परिवहन जैसे सभी प्रबंध सुव्यवस्थित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खरीदी कार्य को पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाएगा, ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खरीदी स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, छाया और विश्राम व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। पूर्व सरपंच के.एल. साहू, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, पूर्व डायरेक्टर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जयप्रकाश चंद्राकर, कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला और भाजपा मंडल महामंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा सहित अमृत चंद्राकर, गणेश राव, मोहित साहू, अमरिका प्रसाद साहू, राजा चंद्राकर, संतु साहू, मेहुल चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, भूषण, बीसहत, गजानंद चंद्राकर, बेनी साहू, शाखा प्रबंधक महेंद्र मढरिया, सुपरवाइजर वीरेंद्र देशमुख, कुमारी लक्ष्मी, कुलदीप, समिति प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### निपानी में बेनीराम और रवि ने दीप प्रज्वलित किया



सेवा सहकारी समिति निपानी में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया समिति के प्राधिकृत अधिकारी बेनीराम साहू जनपद सदस्य रवि सिन्हा ने कांटा बाट एवं भगवान बलराम के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर खरीदी की शुरुआत की। इस अवसर पर समिति प्रभारी भूपेंद्र चंद्रवंशी, शाखा प्रबंधक उमा कुमार, पर्यवेक्षक बीरेंद्र यदु, कृषक गण नारद साहू, मंगल साहू. राजेश साहू, झनक साहू एवं जगेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अहिवारा में भी पहुंचे किसान

सेवा सहकारी समिति मर्यादित अहिवारा में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे, जनपद अध्यक्ष धमधा, लीमन साहू, पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ,पार्षद अनुज साहू पार्षद,इंद्रजीत रावत, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर, समिति अध्यक्ष पवन कुमार जैन, समिति प्रबंधक देवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विकास, किसान शंकर लाल जैन, लल्ला राम यादव, मोहरिक यादव और अन्य किसानगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### सुबह खरीदी केंद्र पहुंचे अन्नदाता को दोपहर 3 बजे कट्टा मिला

**पाटन।** छत्तीसगढ़ राज्य के भाजपा सरकार द्वारा शनिवार से धान खरीदी की शुरुआत कर दी गई है। पहले दिन सोसायटियों के प्राधिकृत अधिकारी एवं नोडल अधिकारी,कर्मचारियों ने सभी सेवा सहकारी केंद्रों में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। वहीं कुछ केंद्रों में अव्यवस्था भी देखने को मिली। भनसुली के किसान गजेंद्र साहू को 14 क्विंटल का टोकन ऑनलाइन के माध्यम से मिला था। सुबह 10.30 बजे ट्रैक्टर से धान लेकर डंगनिया गए तो वहां पहुंचने पर आधार सत्यापन,गेट पास के बाद ही धान खरीदी का जवाब उन्हें मिला। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने शासन, प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि साल भर से किसान औपचारिकताएं पूरी करते परेशान हैं। अन्नदाता विपरीत परिस्थिति में अपनी उपज को सहजने में कामयाब हुए। आज जब बेचने के लिए सोसायटियों की ओर रुख किए तो समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी किसान शिक्षित नहीं है जिससे उन्हें कठिनाई ज्यादा होती है। शासन प्रशासन को खरीदी व्यवस्था सरल एवं सुचारू रूप से चलाने पहल करनी होगी। इस दौरान किशोर साहू,किसान गजेंद्र साहू,श्रवण साहू एवं अन्य किसान मौजूद थे।



### निकुम सोसाइटी में धान तौलक की हुई पूजा



**निकुम/** सेवा सहकारी समिति निकुम में शनिवार को सुबह समिति अध्यक्ष निकुम भैया लाल साहू साहू सहित किसानों ने भगवान बलराम और धान तौलक की पूजा की। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान भी मौजूद थे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष भैया लाल साहू ने कहा धान खरीदी की तैयारी पूरी हो चुकी है, सोमवार को किसान धान बेचेंगे। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो गी। यहां निकुम सहित रुदा, भोथली, मासा भाट, निकुम के पंजीकृत किसान धान बेचेंगे। तैयारियों के अनुसार सोमवार 17 नवंबर को 18 किसान 3379 किसान धान बेचेंगे।

### सुशासन राज में धान बेचने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें : ताम्रध्वज

**निकुम/** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत



आज प्रदेश में धान उपार्जन केंद्रों में श्री गणेश हुआ। कही धान खरीदी हुई, तो कही सिर्फ तौल पूजा की गई, वही भाजपा सरकार के सुशासन राज पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस के कद्दावर नेता , पूर्व गृह मंत्री व दुर्ग ग्रामीण पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू ने कहा डबल इंजन की भाजपा सरकार सिर्फ सुशासन का राग अलाप रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की जनता नाराज है। कहीं अधिकारी तो कहीं कर्मचारी नहीं है कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर है। वही टोकन तुहर हाथ एप से किसानों को पंजीयन करने काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। किसान पंजीयन कराने चॉइस सेंटर, तो कभी मोबाइल, तो सोसाइटी के चक्कर काट रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की हितेषी बताने वाली भाजपा सरकार कुंभकर्णी नींद से जागकर किसानों की सुध लेवे। बीते पखवाड़े भर पहले मौसम की बेरुखी और मार से किसान पहले से परेशान है वही धान को बेचने रखे खलिहान में रतजगा कर रहे है। लेकिन ऑनलाइन टोकन भी नहीं हो रहा हैं।

## अंचल की खबरें

### स्कूल में 45 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**निकुम।** शासकीय जागृति उच्चतर स्कूल बटरेल में सरस्वती साइकिल योजना में कक्षा नौवीं की 45 छात्राओं को साइकिल बाटी गई। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने छात्राओं से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आप लोगों का ध्यान रख रही है, वैसे ही आप लोग अपने माता-पिता और अपने सपनों को साकार करें। स्कूल, क्षेत्र और अपने जिले का नाम रोशन करें। प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्यों से छत्तीसगढ़ में नई पहचान व विकास की उड़ान भर रहे है वही सरस्वती सायकिल योजना का लाभ प्रदेश सरकार छात्रों को भी मिले, ताकि उन्हें भी योजना का फायदा मिले। इस अवसर पर प्राचार्य टी के पिपरिया, वरिष्ठ नागरिक भोकलू राम आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्कूलों में जारी है नेवता भोज की परंपरा



**जामगांव आर।** स्कूलों में आए दिन हो रहे नेवता भोज से अब समन्वय की एक नई संस्कृति पनप रही है। लोग जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या अपने दिवंगत परिजनों के स्मृति दिवस पर यह आयोजन कर रहे हैं, जिससे लोग स्कूलों से सीधे जुड़ रहे हैं। इस योजना का पवित्र उद्देश्य स्कूल के बच्चों को जन सामान्य के विविध पारिवारिक, सामाजिक उत्सव, पर्वों पर स्वादिष्ट पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। इसके लिए शिक्षा विभाग एवं बुद्धजीवियों द्वारा अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर जनजागृति लाई जा रही है। 14 नवंबर शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली के बच्चों को एक दानदाता ने गुप्त दान के रूप मे नेवता भोजन कराया। स्कूल के शिक्षक छन्नूलाल साहू बताते हैं कि उनके मित्र के बेटी की जन्मदिन पर उन्होंने इसी खुशी मे स्कूल के बच्चों को भी भोजन कराने की बात मजाकिया लहजे मे रखी तो वह सज्जन भोजन कराने तैयार हो गया लेकिन उन्होंने इसे अपने धार्मिक मान्यता के आधार पर गुप्त दान के रूप बाल देवो भव के आध्यात्मिक भाव से भोजन कराने का निर्णय लिया। गुरुजी की बात को उन्होंने गुरु आज्ञा के रूप मे स्वीकार किया। शुक्रवार को नई राष्ट्रीय नीति की बुनियादी भाषा एवं संख्यात्मक ज्ञान के आकलन के विद्यालय मे एफ एल एन मेला का भी आयोजन किया था। प्रधान पाठक श्री मती प्रभा सिंह ने उस दानदाता के पुत्री के जन्मदिन दिवस पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनेश्वर चंद्राकर, हुषनलाल चंद्राकर, यशोदा नायक, सीमा चंद्राकर और शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं पालक उपस्थित थे।

### सतनामी समाज डुंडेरा का हुआ गठन



**उतई।** रिसाली निगम के ग्राम डुंडेरा में सतनामी समाज का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से बीआर मौर्य को अध्यक्ष बनाया गया एवं निवर्तमान अध्यक्ष केशव महिपाल को समाज ने प्रमुख संरक्षक का बड़ा दायित्व प्रदान किया। साथ ही सामाजिक पदाधिकारियों का भी गठन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष दिलीप महिलांगे, तेजराम सोनवानी, सोनित जोशी, सचिव इंद्रजीत सोनवानी, सहसचिव दुलेश गायकवाड़, कलीराम बंजारे, कोषाध्यक्ष परम परमेश्वर देशलहरे, उपकोषाध्यक्ष रामेश्वर महिपाल, मीडिया प्रभारी सुनील बंजारे, साटीदार राकेश जांगड़े, नंदेश्वर मांडले, प्रमुख संरक्षक केशव महिपाल, दाऊलाल मांडले, हिंछाराम महिपाल, देवलाल गेंडे, पुरानिक कोसरे, उदेराम सोनवानी, भुनेष बंजारे, गेंदलाल टंडन रहे। इस दौरान उपस्थित समाज के सक्रिय सदस्य एवं समाज की महिला पुरुष वर्ग ने नवगठित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में सतनामी समाज के द्वारा अंडा परिक्षेत्रीय एवं ग्रामीण अध्यक्ष नवनियुक्त पदाधिकारी का समाज के द्वारा शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम 16 नवंबर को किया जाना है इसमें परिक्षेत्र के अंतर्गत जितने भी ग्रामीण सदस्य पदाधिकारी है उन्हें कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है। 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे का समय निर्धारित है। जिसमें परक्षेत्रीय अध्यक्ष एवं ग्रामीण अध्यक्ष का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सभी आमंत्रित किए गए है। यह जानकारी परक्षेत्रीय अध्यक्ष जुगल जोशी ने दिया।

## एक बार कन्हाई पर विश्वास कर लें, जीवन बदल जायेगा : भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेलूद

नगर पंचायत पाटन में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित कथा इंदिरा नगर से कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई । यात्रा इंदिरा नगर पाटन होते हुए अखरा के शीतला तालाब में पूजा अर्चना करते हुए वापस कथा पंडाल स्थल में पहुंची । पहले दिन गुंडरदेही के पंडित भूपेंद्र पांडेय ने गोकर्ण की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य एक बार उस कन्हाई के उपर विश्वास कर ले तो जीवन बदल जायेगा। इस कथा में प्रमुख रूप से पिन्टू वर्मा, पुष्कर वर्मा, चन्दुलाल वर्मा, नंदकुमार वर्मा, ईश्वर वर्मा, बलराम वर्मा, योगिता वर्मा, बदरा बाई ,बिन्दु बाई, मनीषा वर्मा, दुर्गा वर्मा, पूजा वर्मा, भुनेश्वरी, खोमेन्द्र, विनय, मेघु, टिकेन्द्र नाथ और



गंगादीन साहू सहित इंदिरा नगर पाटन के मोहल्ला वासी उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ में पासपोर्ट की समस्या का तुरंत समाधान के लिए संपर्क करें: श्रीकांत जैन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में पासपोर्ट के लिए नंबर वन, के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीकांत जैन को अब पासपोर्ट के डॉक्टर के नाम से भी जाना पहचाना जाता है, 1995 से लगातार पासपोर्ट व ट्रेवल्स बिजनेस पर जुड़े श्रीकांत जैन ने बताया कि आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए हम से संपर्क कर सकते है, विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 2 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 35 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। हमारे पासपोर्ट के 15,000 से ज्यादा और 99.99% संतुष्ट ग्राहक है। भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया की आप पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओं के लिए, आप हमारे सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डी पी स्टोर पर संपर्क कर सकते है या फिर हमारे 24 X 7 संपर्क कर सकते है, हमारी अन्य कोई और दूसरी शाखा नहीं है। हमारी संस्था पर एयर टिकट, होटल बुकिंग और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीसस, दुबई, यूरोप आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है। बातचीत के दौरान श्रीकांत जैन ने बताया कि पासपोर्ट ट्रेवल के साथ मोदीकेयर बिजनेस भी कर रहे है, हम अपने साथ टीम वर्क के लिए बिजनेस पार्टनर की तलाश कर रहे है अगर आप किसी प्रकार की अतिरिक्त आय इनकम के बारे में सोच रहे है तो आप हमसे एक बार मिलकर व्यवसायिक अवसर के बारे में जानकारी अवश्य ले।

## टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी में 500 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# केपीएस ने जीपीएस को दी मात, क्रिकेट में चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुम्हारी

टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी-5 का फ़ाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के 32 स्कूलों ने हिस्सा लिया। 500 खिलाड़ियों ने इस बड़ी प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाते हुए, प्रतियोगिता में 54 मैच खेले गए, और सभी मैचों के सीधा प्रसारण भी किया गया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता रही।

प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल (केपीएस) भिलाई ने



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 208 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। कृष्णा पब्लिक स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए देवांश ने शानदार 87 रन बनाये एवं यशराज सिंग ने 53 रनों की पारी खेली। गुरुनानक पब्लिक स्कूल (जीपीएस) रायपुर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए विवेक जोशी ने 4 विकेट लिए। जवाब में 209 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुरुनानक पब्लिक स्कूल की टीम 13 ओवर में 91 रन ही बना पाई। गुरुनानक पब्लिक स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में आदित्य यादव ने 21 रनो की पारी खेली। कृष्णा पब्लिक स्कूल की तरफ से गेंदबाजी में यशराज सिंग ने 5 विकेट लिए। इस तरह कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीम ने यह मैच 117 रनो से जीतकर प्रतियोगिता का ख़िताब अपने नाम किया! फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच यशराज रहे। प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन देवांश पाटिल, बेस्ट बॉलर यशराज बेस्ट फील्डर यशराज, बेस्ट विकेट कीपर दिव्यांशु बने।

### मैन ऑफ़ द सीरीज़ दक्ष रहे

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा थे। अध्यक्षता जितेंद्र वर्मा प्रदेश मंत्री भाजपा ने की। विशेष अतिथि मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी, ज्ञानेश शर्मा पूर्व योग आयोग अध्यक्ष, राकेश पाण्डे वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रशांत श्रीवास्तव पूर्व खेल एवं युवा आयोग सदस्य थे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी के संचालक और एन.आई.एस.क्रिकेट कोच डॉ.शबाब कुरैशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जमशेद अख्तर ने किया।

# उत्तर व मध्य हिस्से से आ रही सर्द हवाएं, ट्विनसिटी में अगले तीन दिनों तक शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित ट्विनसिटी में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों में सर्द हवाएं लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक शीतलहर की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है। हालांकि राज्य के अन्य जिलों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन उसके बाद हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। शनिवार की अलसुबह तेज नम हवाएं चली। सूरज निकलने के बाद भी यह स्थिति बनी रही। पूरे दिन लोग ठंड का एहसास करते रहे। शाम को स्थिति और विकट हो गई। ठंडी तेज हो गई। लोग बिना गर्म कपड़े के अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। घना कोहरा और ओंस की बूंदे अलसुबह देखा जाने लगा है।

**ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस नीचे :** मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पहाड़ी और वनक्षेत्रों में तापमान में गिरावट और भी तेज महसूस की जा रही है। नवंबर का महीना सामान्यतः छत्तीसगढ़ में शांत और स्थिर मौसम के लिए जाना जाता है।



## इस मौसम में इसलिए हालात

मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान आसमान प्रायः साफ रहता है और दिन हल्के ठंडे होते हैं। हवा भी सामान्यतः धीमी चलती है। यदि इस महीने बारिश होती है तो वह मुख्यतः बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में बने चक्रवात या निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के कारण होती है। आमतौर पर नवंबर में तूफान और ओलावृष्टि की घटनाएं बहुत कम होती हैं। कुल मिलाकर, प्रदेश में इस बार नवंबर की शुरुआत से ही ठंड ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

धान खरीदी का पहला दिन

**केंद्रों में दिखा उत्साह**

# दीगर विभागों के कर्मचारियों ने की पहले दिन 34 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी, आंदोलन का मिला-जुला असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रदेश सरकार ने शनिवार को नियत तिथि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करवा दी। पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना समिति प्रबंधक और कर्मचारियों के धान खरीदी हो रही है। इसलिए कि समिति प्रबंधक और कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शासन-प्रशासन ने धान खरीदी करने के लिए दीगर विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है लेकिन उनकी अनुभवहीनता की पोल खुल गई। पहले दिन 52 समितियों में धान खरीदी शुरू होनी थी लेकिन केवल 34 उपार्जन केंद्रों में ही खरीदी हो पाई। 6678 क्विंटल धान की खरीदी की जा सकी। इसमें से 24 उपार्जन केंद्रों में यह हाल रहा कि दीगर विभागीय कर्मचारी सोसायटी ऑनलाइन मॉडयूल में धान खरीदी के बावजूद प्रविष्टि नहीं कर पाए। फलस्वरूप धान इन उपार्जन केंद्रों में शून्य प्रदर्शित कर रहा।

### इन उदाहरणों से समझिए खरीदी के बाद भी प्रविष्ट है जीरो

**उपार्जन केंद्र उतई**

**1** इस उपार्जन केंद्र में उमरपोटी की किसान नीराबाई से 177 बोरा धान खरीदी की गई। यहां प्रशासन ने खाद्य और सहकारिता विभाग से एक.एक महिला कर्मचारियों को भेजा है। विपणन संघ से दो आपरेटर भी यहां थे। लेकिन धान खरीदी की प्रविष्टि ही नहीं कर पाए। इसलिए खरीदी ऐप में जीरों है।




**उपार्जन केंद्र बोरीगारका**

**2** इस उपार्जन केंद्र में पाउवारा के किसान विजय डोमन साहू से 146 बोरा धान खरीदी की गई है। जिला सहकारी बैंक के पर्यवेक्षक अजय सिंह राजपूत ने तौल और नमी की जांच के बाद इस किसान की धान खरीदी करवाई। विपणन संघ से एक आपरेटर यहां भेजा गया है लेकिन प्रविष्टि ऐप में जीरो है।

**उपार्जन केंद्र गाड़ाडीह**

**3** इस उपार्जन केंद्र में पांच किसानों से 191 क्विंटल धान खरीदी की गई है। सभी किसानों को पहले दिन के लिए टोकन जारी किया गया था। खरीदी होने के बाद भी इस उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की प्रविष्टि शून्य है। यहां भी धान खरीदी करने के लिए दीगर विभाग के कर्मियों ने मोर्चा संभाला है।

**उपार्जन केंद्र औंधी**

**4** इस उपार्जन केंद्र में औरी के किसान कोमल कुर्रे से 378 कट्टा धान खरीदी की गई। यहां खिलावन वर्मा ने स्थानीय सहयोग से दो लोगों के माध्यम से धान का स्टेक लगवाया। नमी की जांच की और धान खरीदी की। यहां तीन कर्मचारी दीगर विभाग के भी जिले से भेजा गया है। यहां भी प्रविष्टि शून्य है।

**नोट :** इनके अलावा इन उपार्जन केंद्र सेलूद, कुम्हली, केसरा, कोड़िया, गाड़ाडीह, घोटवानी, डीड़ाभाठा, थनौद, निपानी जामगांव, पहंडोर, घुघवा प, फेकारी, फुंडा,बटरेल बेल्हारी, भेड़सर, भरर, माटरा, रिसामा, सुरपा, सांतरा और सोनपुर धान उपार्जन केंद्र में भी प्रविष्टि शून्य है। रिपोर्ट 15 नवंबर शाम 5.15 बजे तक की है।

**प्रशिक्षण मिला है**

उपार्जन केंद्रों में दीगर विभाग के लोगों को बकायदा प्रशिक्षण देकर भेजा है लेकिन अनुभव की कमी की वजह से प्रविष्टि में जरूर दिक्कत आई है। प्रविष्टि को देर रात तक दुरूस्त कर लिया जाएगा।

-अनुराग सिंह भदौरिया, जिला खाद्य अधिकारी

### इस तरह हो रही दिक्कतें

**टोकन का नहीं ले पा रहे ब्यौरा**

धान उपार्जन केंद्रों में दीगर विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी जरूर लगी है लेकिन वे पहली बार धान खरीदी करवा रहे हैं। इसलिए बिना अनुभव के तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। मसलन धान खरीदने के बाद गेटपास में एंट्री करने में दिक्कतें आ रही है। एंट्री पोर्टल में खरीदी का लॉगिन में दिक्कतें महसूस कर रहे। टोकन एप में आगे कितने किसानों का टोकन और कटा है इसका ब्योरा नहीं ले पा रहे हैं। खरीदी का पंजी मेंटन करने में काफी देरी लग रही है। स्टेक लगवाने का कोई अनुभव नहीं है। इसलिए एक किसान की धान खरीदी में कई घंटे खपा दिए।

**बारदाने ऐसे कि हुक लगाते ही फट गए**

उपार्जन केंद्र उतई में स्टेकिंग के दौरान बारदानों की कलई खुल गई। यहां हुक लगाते ही बोरे फटने लगे। जो लोग इस काम को कर रहे थे वे भी नए थे। बाद में बोरे का धान दूसरे में शिफ्ट करने की दोबारा मशक्कत करनी पड़ी। श्रमिकों ने बताया कि पुराने बोरे में धान खरीदी पहले करने कहा गया है।

**उपार्जन केंद्रों में बैठने तक की व्यवस्था नहीं**

उपार्जन केंद्रों का हाल अजब-गजब है। उतई उपार्जन केंद्र के प्राधिकृत अधिकारी फत्तेलाल वर्मा मिले। वर्मा के साथ यहां ड्यूटी करने वाले कर्मचारी मौजूद थे। उनका कहना था कि केंद्रों में कर्मचारी कहां पर बैठे यही समझ नहीं आ रहा है।इसलिए आपको भी नहीं बिठा सकते। हम न किसान को बिठा पा रहे हैं और न ही किसी विजीट करने वालों को। उपार्जन केंद्रों की यहां पूरी सफाई भी नहीं हो पाई है।

# बीएसपी में कंस्ट्रक्शन के दौरान हुए हादसे में श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट में भीषण हादसा सामने आया है। हादसे में मजदूर की ऊंचाई से गिरने के बाद मौत हो गई। खून से लथपथ लाश को सेक्टर 9 हॉस्पिटल की मरच्यूरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद इसे परिजनों को सौंपा जाएगा। मजदूर के परिजनों और यूनियनों ने मुआवजा और नौकरी को लेकर बीएसपी प्रबंधन से मांग की है। जानकारी के मुताबिक बीएसपी के एसएमएस 2 में प्रोजेक्ट बिल्डिंग बन रही है। यहां मेकॉन कंपनी के अधीन निर्माण कार्य चल रहा है। पेटी ठेकेदार एम मोहन के अधीन 43 वर्षीय देवेंद्र चंद्राकर काम कर रहे थे। कंस्ट्रक्शन के लिए एक ट्रॉली लगाई गई थी, जो सामान ऊपर पहुंचाता है। इसी बेंच पर मजदूर ने अपना सेफ्टी हार्नेस फंसा दिया गया था। स्ट्रक्चर टूटते ही मजदूर भी नीचे आ गया। जमीन पर गिरकर मौत हो गई। ऊपरी मंजिल तक ईट ले जाने वाले स्ट्रक्चर टूटने से हादसा हुआ। इसकी चपेट में आने से मजदूर को गहरी चोट लगी। उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## वाहन की ठोकर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि वार्ड 4 राजीव नगर दुर्ग निवासी देवेश अग्रवाल स्कूटी से घर से घूमने निकले थे। पोटिया चौक से पुलगांव चौक के बीच फर्नीचर दुकान के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। हादसे देवेश की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। देवेश का विवाह दो साल पहले ही हुआ था। उनकी 11 माह की एक बेटी भी है। परिजनों के मुताबिक देवेश 13 नवंबर की रात करीब 8 बजे घर से निकला था। रात 9 बजे के आसपास उनकी परिवार से बातचीत भी हुई थी। एक घंटे बाद परिजनों ने उन्हें फोन किया तो मोबाइल ऑफ मिला। फोन नहीं लगने पर परिजन परेशान हो गए। परिजन उसे खोजना शुरु किया जानकारी नहीं मिल पाई। करीब घटना की रात 12 बजे अस्पताल से पुलगांव पुलिस का कॉल आया। घटना की जानकारी हो पाई।







# हरिभूमि

रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129




## लाइव इवेंट

### भेलवा तालाब में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर नेचुरोपैथी शिविर आज



**भिलाई।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन व सूर्या फाउंडेशन के तत्वावधान में 9 से 18 नवंबर तक विविध आयाम में आठवें प्राकृतिक चिकित्सा का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंत बिरादर के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहे हैं। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में सभी जिलों में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक एवं छत्तीसगढ़ के स्टेट कन्वीनर मनोज ठाकरे ने बताया कि धूप, मिट्टी, पानी से पांच तत्वों से प्राकृतिक चिकित्सा सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो बिना दवाई के मनुष्य की चिकित्सा की जाती है। सबसे सस्ती नेचुरोपैथी पढ़ती है। 9 नवंबर से विभिन्न जिलों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। इसके अंतर्गत पदाधिकारी चिकित्सा थैरेपिस्ट विशेषज्ञ नेचुरोपैथी के जन जागरुकता के लिए गोष्टी संगोष्ठी सेमिनार प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के आयोजन प्रारंभ है। इसी कड़ी में 16 नवंबर को भिलाई शहर के नेहरू नगर स्थित बेलवा तालाब में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। प्राकृतिक चिकित्सा प्रेमी जनमानस को निशुल्क अपनी सेवाएं देंगे, जिसमें मिट्टी स्नान, धूप स्नान, महिलाओं के लिए फेस मद फेस पैक एवं वृक्षास न, जलनेति, मिट्टी पट्टी जैसे अनेक क्रिया करवाई जाएगी। इस आयोजन को लेकर निशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए साइंस कॉलेज के प्राचार्य एवं जिला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी, उमेश चितरंगिया प्रचार-प्रसार पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मनोज ठाकरे, डॉ. प्रमोद नामदेव, डॉ. निर्मला गुप्ता, नेरा सिंह, आदित्य टंडन सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## सिटी इवेंट

### देश की आजादी में आदिवासियों की रही अहम भूमिका, डाला प्रकाश



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके झा ने कहा कि बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और जन नायक थे। भारत के आदिवासी समुदाय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और इस समुदाय ने आजादी में अहम भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि धरती आबा के रूप में पूजनीय बिरसा मुंडा का धरती और जड़ों के प्रति अगाध प्रेम और सम्मान था, आज जब हम उनकी जयंती गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं इस महान व्यक्तित्व के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हैं।

आदिवासी संस्कृति, सम्मान और आजादी के लिए अथक संघर्ष करने वाले भगवान बिरसमुंडा न केवल आदिवासी समुदाय के गौरव के प्रतीक बने बल्कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के महान नेता भी थे। पत्रकारिता डॉ संजीव कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से विश्व मानचित्र पर भारत देश आदिमजाति बाहुल्य है। यहां विविध आदिम जातियों की जनसंख्या बहुतायत में है। जनजातियों का गौरवशाली इतिहास बताता है कि प्राचीन काल से इस समुदाय में मां भारती की सुरक्षा में अपना तन मन और धन समर्पित कर दिया। इस बात के प्रबल साक्षी जननायक बिरसा मुंडा हैं। ब्रिटिश हुकूमत से भारत को स्वतंत्रता दिलाने में इनका शौर्य, त्याग और बलिदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ स्नेह कुमार मेश्राम ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवादियों की गरीबी, अज्ञानता, भोलेपन का लाभ उठाने वालों के विरुद्ध महा विद्रोह छेड़ दिया था। उन्होंने आदिवादियों के भीतर जनजागरण का अभियान चलाया था। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने भी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति,इतिहास और बलिदान और प्रकृति प्रेम से प्रेरणा लेने की बातें कही। वक्ता डॉ नरेश कुमार ने आदिवासियों के इतिहास की चर्चा करते हुए बिरसा मुंडा, गुण्डाधुर, शहीद वीर नारायण सिंह आदि के योगदान पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में डॉ संतोष कुमार, डॉ फातिमा खान, युवराज यादव, सागर अग्निहोत्री, दीपक कुमार सिंह सहित प्राध्यापक और छात्र उपस्थित थे।

### सामाजिक संदेश लिए लघु फिल्म सरदारा रिलीज



**भिलाई।** आर्टकॉम संस्था के संचालक निशु पांडेय द्वारा लिखित और निर्देशित हिंदी लघु फिल्म सरदारा रिलीज हो गई है। यह फिल्म मां को समर्पित है और परिवार, संबंधों और सामाजिक व्यवहार पर एक मजबूत संदेश देती है। फिल्म का निर्माण पूरा हो चुका है और दर्शक इसे यूट्यूब पर निशु पांडेय आर्टकॉम नाम से देख सकते हैं। फिल्म की कहानी, संवाद और निर्देशन दर्शकों को भावुक कर रहे हैं। कलाकारों के अभिनय को भी सराहना मिल रही है. खासकर लीड रोल में करमजीत सिंह के सहज अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। निशु पांडेय कहते हैं कि उनका उद्देश्य सिर्फ फिल्म बनाना नहीं, बल्कि सकारात्मक संदेश देना और नए कलाकारों को मंच से जोड़ना है। उनकी कोशिश है कि सरदारा देशभर के फिल्म फेस्टिवल में जगह बनाए और उनकी टीम मुख्यधारा तक पहुंचे। निशु पांडेय इससे पहले भी 100 से ज्यादा देशभक्ति कविताएं लिख चुके हैं। उन्होंने चार लघु फिल्मों और भिलाई पर आधारित गीत थैंक्यू भिलाई का लेखन और निर्देशन किया था, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

● 85वें बैच आरक्षक जीडी के बुनियादी कोर्स का प्रशिक्षण, दीक्षान्त परेड में कुल 2063 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया

# साईलेन्ट ड्रिल, मलखम्भ और वेपन टैक्टिक्स का डेमोस्ट्रेशन देख हुए हतप्रद, 43 सप्ताह में सीखे सुरक्षा कौशल, आर्यन बने आलराउंड

**भिलाई। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, आरटीसी उतई भिलाई में शनिवार को 85वें बैच आरक्षक जीडी के बुनियादी कोर्स का प्रशिक्षण पूर्ण होने के अवसर पर दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षान्त समारोह का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शारीरिक दक्षता और सुरक्षा कौशल पर आधारित उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्न डेमोस्ट्रेशन रहे। जिनकी प्रस्तुति ने समारोह में उपस्थित दर्शक दिर्घा को हतप्रभ और मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आरक्षक-जीडी आर्यन शर्मा को आलराउंड बेस्ट ट्राफी प्रदान की गई।जवानों ने इन डेमो में साईलेन्ट ड्रिल, मलखम्भ और वेपन टैक्टिक्स आदि पर आधारित डेमो करके दिखाया। दीक्षान्त परेड में कुल 2063 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। इस समारोह की मुख्य अतिथि नीलिमा रानी सिंह महानिरीक्षक मध्य क्षेत्र मुख्यालय, भिलाई ने परेड की सलामी ली। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र आरटीसी भिलाई के उपमहानिरीक्षक व प्राचार्य रोहित कटियार ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। परेड का नेतृत्व आरक्षक, जीडी आर्यन शर्मा द्वारा किया गया।**

### आधुनिक हथियारों का व्यवहारिक प्रशिक्षण

उपमहानिरीक्षक रोहित कटियार ने अपने स्वागत भाषण और कोर्स रिपोर्ट में बताया कि इस बैच मे विभिन्न राज्यों से आए 2063 प्रशिक्षणार्थियों को 43 सप्ताह का कठिन व समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान औद्योगिक एवं आंतरिक सुरक्षा के अलावा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, मानव अधिकार फील्ड क्राफ्ट, अनआर्ड कौम्बँट, ड्रोन प्रशिक्षण तथा विभिन्न आधुनिक हथियारों का सम्पूर्ण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।



### सुरक्षा से संबंधित दिया गया गहन प्रशिक्षण



कई सालों के बाद इस वर्ष 2000 से अधिक आरक्षक और जीडी को प्रशिक्षण प्रदान कर आरटीसी भिलाई द्वारा अपनी क्षमता और दक्षता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया गया। 43 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षणार्थियों को सामान्य सुरक्षा प्रशिक्षण के अतिरिक्त परमाणु ऊर्जा केन्द्रो, अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्रो, हवाई अड्डो, मेट्रो रेल्वे आदि जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा से संबंधित गहन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

**प्रदान की गई ट्राफी :** इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों में आरक्षक-जीडी आर्यन शर्मा को आलराउंड बेस्ट ट्राफी प्रदान की गई। आरक्षक-जीडी शाहिद रहमान कुमार को आंतरिक विषयों में बेस्ट ट्राफी, आरक्षक-जीडी सूरज कुमार को आउटडोर विषयों में बेस्ट ट्राफी, आरक्षक-जीडी तोपेश अम्बुले को चांदमारी फायरिंग में बेस्ट ट्राफी प्रदान की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों, दर्शको और प्रशिक्षणार्थियो के अभिभावकों द्वारा परेड के अनुशासित प्रदर्शन प्रस्तुत किया और मौजूद सभी दर्शकों ने जवानों दवरा दिये गए सभी डेमो की शानदार प्रस्तुति की लगातार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहाना की।



### कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्पक्षता करें- नीलिमा

दीक्षान्त समारोह की मुख्य अतिथि नीलिमा रानी सिंह ने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्र की बदलती परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को सुरक्षा दायित्वों का निर्वहन करने के लिये सदैव तैयार रखने की बातें कही। उन प्रशिक्षणार्थियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पूर्ण समर्पण भाव से करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जैसे अत्यंत विशिष्ट बल के माध्यम से राष्ट्र सेवा का अवसर प्राप्त करने पर सभी प्रशिक्षणार्थियो को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सिंधी फैमिली प्रीमियर लीग सीजन 1 का हुआ आगाज,कई टीमों ने लिया हिस्सा

**भिलाई।** श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर द्वार सिंधी फैमिली प्रीमियर लीग सीजन 1 का शानदार आगाज़ वैशाली नगर टीन्स क्लब में भव्य उद्घाटन के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन, श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर के अध्यक्ष दिलीप पवनी, सेक्टर 4 अध्यक्ष राकेश नागदेव, भिलाई 3 अध्यक्ष शमन दास, हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र कृष्णानी, दुर्ग सिंधी समाज अध्यक्ष अटल गोधवानी, पावर हाउस अध्यक्ष मनोज मखीजा और हाउसिंग बोर्ड महिला विंग की सदस्याएं भी उपस्थित थी।

दुर्ग-भिलाई में पहली बार आयोजित सिंधी फैमिली प्रीमियर लीग सीजन 1 में सिंधी समाज के सभी परिवार को लेकर क्रिकेट की योजना बनाई गई, जिसमें महिला, बच्चे, बुजुर्ग और युवा बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। वैशाली नगर सिंधी समाज द्वारा टीमों का गठबंधन किया गया। खिलाड़ियों की अलग-अलग टीम बनाकार उन टीमों को खरीदा गया। ओनर द्वार टीम को स्पॉन्सर किया गया। मनोहर कृष्णानी ने बताया कि 13 नवंबर से 18 नवंबर तक आयोजित टूर्नामेंट में एआई फाइटर्स वर्सेस बत्रा के जांबाज़, राज पलानी रॉयल वर्सेस रमानी सुपर किंग्स सहित कई टीमों ने हिस्सा लिया है। 5 दिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल मैच 18 को खेला जाएगा।

श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर



## शिविर में 160 बच्चों का दंत परीक्षण

बच्चों को दी गई स्वस्थ्य आहार की जानकारी



**दुर्ग।** आईडीए दुर्ग भिलाई शाखा के डॉक्टर्स द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में श्रो महावीर जैन पब्लिक स्कूल पुलगांव दुर्ग में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 160 बच्चों का परीक्षण किया गया। सभी बच्चों को विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक के साथ ही स्वस्थ्य आहार की जानकारी भी दी गई। डॉ. शाहबाज ने स्कूल के बच्चों को मुख स्वच्छता ब्रशिंग टेक्निक का पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन से प्रदर्शन किया। स्कूल के संचालक सतीश जैन कैलाश बाक्लीवाल, सुगंधचंद् संचेति, मनोज जैन, संजय देशलहरा का विशेष योगदान रहा। बाल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को डॉक्टर रेड्डीज लैब द्वारा टूथपेस्ट वितरण किया गया। इस शिविर में आए सभी डॉक्टर्स को स्कूल प्रशासन की तरफ सम्मानित किया गया। शिविर में स्कूल की प्राचार्या सोनाली पात्रा एवं सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। आईडीए की ओर से सीडीएच डॉ. श्रेणिक नाहटा, डॉ. दीप्ति राठौर, डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. दिक्षाली इंदुरकर, डॉ. सविता कबड़वाल, डॉ. रिया जैन ने अपनी सेवाएं दी।

कायस्थ समाज दुर्ग का मनाया गया 50वां स्थापना दिवस, हुईं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

## नृत्य नाटिका में दिखाया शिव-पार्वती और चित्रगुप्त की भूमिका, पेटिंग, रंगोली और मेंहदी में विजेता पुरस्कृत

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** कायस्थ समाज दुर्ग की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर कायस्थ सभा भवन में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों और नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी गई। नृत्य नाटिका में भगवान शिव, पार्वती, इन्द्रदेव, इन्द्राणी, चित्रगुप्त, गुरु बृहस्पति और कामधेनु गाय की भूमिका अदा करते हुए कायस्थ जनों ने शानदार और मार्मिक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। नृत्य नाटिका डॉ. सरिता श्रीवास्तव और प्रशांत श्रीवास्तव के संयोजन में आराधना खरे, सुप्रिया वर्मा, रश्मि श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, संतोष खरे, मनीषा श्रीवास्तव ने अभिनय किया।

स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की आराधना और गणेश वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव और उनकी पत्नी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव भी उपस्थित रही।







### कायस्थ बुद्धि के लिए जाने जाते है- डॉ प्रशांत

डॉ प्रशांत ने कहा कि कहा कि कायस्थ बुध्दि के लिए जाने जाते है। हम सभी को शासकीय नौकरी के साथ स्वरोजगार की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। डॉ. श्रीवास्तव ने कायस्थ सभा भवन, दुर्ग के जीर्णोध्दार के लिए लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि वे कायस्थ समाज के वृध्दजनों का निःशुल्क नेत्र चिकित्सा भी करेंगे। मंच पर कायस्थ समाज को स्थापित करने वाले कृष्ण कुमार श्रीवास्तव और समाज के वरिष्ठ संरक्षक नंदू लाल श्रीवास्तव, राधे श्याम श्रीवास्तव, आर के वर्मा और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव उपस्थित थे।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रस्तुत गणेश वंदना हर्षिता वर्मा और वंदे मातरम नृत्य की प्रस्तुति अंशिका श्रीवास्तव, अंकिता वर्मा, शिवन्या श्रीवास्तव तथा वंशिका श्रीवास्तव द्वारा की गई। महिलाओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति प्रीति श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, अनामिका कर्ण, स्मृता बक्शी तथा पद्मा वर्मा ने दी। इस अवसर पर आयोजित पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम ईशल श्रीवास्तव, द्वितीय प्रथम श्रीवास्तव और अक्षत वर्मा तृतीय रहे। थाली सजाओं प्रतियोगिता में मनीषा श्रीवास्तव प्रथम, शालिनी श्रीवास्तव द्वितीय और सुप्रिया वर्मा तृतीय रही। मेंहदी प्रतियोगिता में महक श्रीवास्तव प्रथम, कौस्तुभी श्रीवास्तव द्वितीय तथा वंशिका श्रीवास्तव तृतीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में कविता श्रीवास्तव प्रथम, वंशिका श्रीवास्तव द्वितीय तथा मेहक श्रीवास्तव एवं रश्मि आलोक श्रीवास्तव तृतीय रही।



## सिटी इवेंट

# सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में बढ़ता है अनुशासन, कला और आत्मविश्वास



**भिलाई।** जैन मिलन जैन कला केंद्र द्वारा नादोत्सव 2025 का आयोजन सेक्टर 6 जैन भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने मां सरस्वती के चित्र के सामने नमन करते हुए दीप प्रज्वलित कर की।

- नयनाभिराम प्रस्तुतियों को दर्शकों ने सराहा
- सेक्टर 6 जैन भवन में नादोत्सव 2025 का आयोजन
- सांसद विजय बघेल ने दीप प्रज्वलित कर की शुभारंभ

उद्घाटन के दौरान जैन मिलन जैन कला केंद्र से मुकेश जैन, कीर्ति व्यास, ऋषभ कुमार जैन, संजय चतुर, जिनेंद्र जैन, राजेश जैन, विनोद जैन, अनुपम जैन, संजय जैन, साकेत जैन समेत कार्यकारिणी सदस्य, कला केंद्र के प्राचार्य और पूरा स्टाफ मौजूद थे। समारोह में समिति ने सांसद विजय बघेल का तिलक, माल्यार्पण और शॉल पहनाकर सम्मान किया। स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत भी किया गया। सांसद ने बच्चों और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में कला, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। नादोत्सव 2025 के तहत भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, नित्यागन, शास्त्रीय संगीत और वाद्य संगीत जैसे विभिन्न मंचीय प्रदर्शन हुए। बच्चों ने अपने गुरुजनों के साथ मिलकर आकर्षक और नयनाभिराम प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। इस दौरान खैरागढ़ विश्वविद्यालय की कुलपति विशेष रूप से उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# 201 लोगों ने किया रक्तदान सम्मान में मिला हेलमेट



**भिलाई।** सामाजिक जागरुकता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 201 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी इसमें रही है। सभी रक्तदाताओं को संगीता शाह द्वारा हेलमेट उपहार में दिया। जिससे समाज में सड़क सुरक्षा और जागरूकता का संदेश प्रसारित हो सके। लगातार तीसरे वर्ष सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। स्वास्थ्य टीम ने शिविर के दौरान सभी दाताओं की जांच की और प्रमाणपत्र प्रदान भी दिए गए। संगीता शाह के जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से समाज में मानवता और सेवा की भावना मजबूत हो रही है। इस अवसर पर संगीता शाह ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया है। सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर के सहयोग से एसीसी चौक जामुल में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

- स्वास्थ्य जांच कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

## समाज इवेंट

# दिव्यांग स्कूल में बांटे कंबल निभाई मानवता की जिम्मेदारी



**भिलाई।** सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में आयोजित सेवा दिवस के अवसर पर प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान के 103 बच्चों को कंबल वितरित कर उनका हाल-चाल जाना और यथा संभव सहयोग करने की बातें कही।

- सर्व समाज कल्याण समिति का आयोजन
- 103 बच्चों को किया कंबल वितरण

सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के महासचिव मलकीत सिंह ने बताया कि समिति दवरा समय-समय पर समाजिक कार्य करते हुए अपनी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहते है। इसी कड़ी में सर्व समाज कल्याण समिति की ओर से स्व. परमशिला गुप्ता का अंतिम संस्कार विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। उनके परिवार में पति और बेटियां ही हैं। परिवार में अन्य कोई सदस्य न होने के कारण उन्होंने समिति से सहायता की अपील की, जिसे समिति ने पूरे सम्मान, समर्पण और श्रद्धा के साथ निभाया। सेवा दिवस के दौरान समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, अनिल सिंह, जोगा राव, सोम सिंह, हरजिंदर सिंह सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

● पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ का दूसरा दिन, सेक्टर-6 पॉवर जिम में हो रहा आयोजन

# पॉवरलिफ्टिंग, स्क्वॉट और बेंचप्रेस में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**भिलाई।** सेक्टर-6 पॉवर जिम में पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ के दूसरे दिन जोरदार मुकाबला देखने मिला। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सैकड़ों खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। दूसरे दिन पॉवर लिफ्टिंग, स्क्वाट, डेडलिफ्ट, बेंचप्रेस में खिलाड़ियों ने अपना पॉवर दिखाया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। शनिवार को वेटलिफ्टिंग के इवेंट में खिलाड़ियों ने पूरी ताकत झोंक दी। हर प्लेट उठते समय उनके चेहरे पर दबाव साफ दिख रहा था, लेकिन लक्ष्य नहीं टूटा। वेट लिफ्टिंग में कुछ सेकंड की उठान ने तय किया कि पदक किसके गले में जाएगा। इसी कोशिश में खिलाड़ियों ने पसीना बहाया, चोटें झेलीं, पर पीछे नहीं हटे। ब्रेंच प्रेस और स्कॉट की हर सफल लिफ्ट पर तालियों की गड़गड़ाहट से पॉवर जिम परिसर गूंज उठा। पदक सिर्फ ताकत से नहीं मिलता, लगातार तैयारी और मानसिक धैर्य भी उतना ही जरूरी है। सेक्टर 6 में रविवार को यही तस्वीर लोगों को साफ दिखाई दी। स्पर्धा में पुरूषों के साथ-साथ बालिका व महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



### स्पर्धा से पहले खिलाड़ियों की हुई बॉडी चेकिंग

वेट लिफ्टिंग मुकाबले शुरू होने से पहले हर खिलाड़ी की बॉडी की बारीकी से जांच की गई। जज एक–एक कंटेस्टेंट को अलग से बुला रहे थे। ऊंचाई, वजन, कट, मसल डिफिनिशन सब कुछ मापदंडों के मुताबिक जांचा गया। स्टेज पर उतरने से पहले हर खिलाड़ी सही कैटेगरी और सही फॉर्म में हो इसलिए यह जांच की गई। यह चेकिंग खिलाड़ियों की महीनों की मेहनत की पहली परीक्षा थी।





### इन विजेता खिलाड़ियों को मिले पदक

स्क्वाट सब जूनियर में हर्षदीप सिंह दुर्ग प्रथम, नितेश खुटे बिलासपुर द्वितीय और अनुराग गेंडले बिलासपुर तीसरे स्थान पर रहे। स्क्वाट जूनियर ग्रुप में गितेश कुमार पंचारी राजनांदगांव प्रथम, दीपेश मनहर सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वितीय द्वतीय, सचिन दुबे दुर्ग तीसरे स्थान पर रहे। स्क्वाट सीनियर ग्रुप में संतोष कुमार साहुस बिलासपुर प्रथम, सिमरनजीत सिंह राणा राजनांदगांव द्वितीय, विनित कोंडागांव तृतीय रहे। स्क्वाट मास्टर में प्यारेलाल झारिया तृतीय रहे। बेंचप्रेस सब जूनियर वर्ग में यश मलघानी दुर्ग प्रथम, हर्षदीप सिंह दुर्ग द्वितीय, अनुराग गेंडले बिलासपुर तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में गितेश कुमार पंचारी राजनांदगांव प्रथम, दीपेश मनहर सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वितीय, उपेन्द्र दुर्ग तृतीय रहे। सीनियर ग्रुप में सिमरनजीत सिंह राणा बिलासपुर प्रथम, संतोष कुमार साहुस राजनांदगांव द्वितीय, शरद कोंडागांव तीसरे स्थान पर रहे। मास्टर ग्रुप में प्यारेलाल झारिया कोरबा प्रथम रहे। डेडलिफ्ट सब जूनियर ग्रुप में विवेक पटेल दुर्ग प्रथम, हर्षदीप सिंह दुर्ग द्वितीय, अनुराग गेंडले बिलासपुर तृतीय रहे। डेडलिफ्ट जूनियर ग्रुप में उपेन्द्र दुर्ग प्रथम, दीपेश मनहर सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वितीय और गितेश कुमार पंचारी राजनांदगांव तृतीय रहे। डेडलिफ्ट सीनियर ग्रुप में संतोष कुमार राजनांदगांव प्रथम, सिमरनजीत सिंह राणा बिलासपुर द्वितीय, शरद कोंडागांव तृतीय रहे। पॉवरलिफ्टिंग सब जूनियर ग्रुप में हर्षदीप सिंह दुर्ग प्रथम, अनुराग गेंडले बिलासपुर द्वितीय, नितेश खुटे तीसरे स्थान पर रहे। पॉवरलिफ्टिंग जूनियर ग्रुप में गितेश कुमार पंचारी राजनांदगांव प्रथम, दीपेश मनहर सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वितीय, सचिन दुबे दुर्ग तृतीय रहे। पॉवरलिफ्टिंग सीनियर ग्रुप में संतोष कुमार राजनांदगांव प्रथम, सिमरनजीत सिंह राणा बिलासपुर द्वितीय, दौलत जायसवाल मुंगेली तृतीय रहे।

## कला मंदिर में हुआ जिला स्तरीय समारोह

# सरकार की योजनाओं से जनजातीय समाज के जीवन में आया नया उजियारा : विजय



**दुर्ग।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिलेभर में जनजातीय कला, साहित्य और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य जिला स्तरीय समारोह भिलाई के कला मंदिर में हुआ। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। कार्यक्रम का आरंभ छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना कर की गई।

प्रमुख अतिथियों में विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष दुर्ग सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा अध्यक्ष भिलाई पुरुषोत्तम देवांगन, कंदरा समाज प्रमुख सुरेंद्र मरकाम, कंवर समाज अध्यक्ष एवं एसडीएम हरबंस सिंह मिरी, महापौर नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण अविनाश श्रीवास, डीएफओ दीपेश कपिल आदि मंचस्थ शामिल थे। सांसद विजय बघेल ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करते हुए कहा कि आजादी के बाद जनजातीय वर्ग को लंबे समय तक केवल उपेक्षा और शोषण झेलना पड़ा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। इससे जनजातीय समाज के जीवन में नया उजियारा आया है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पावन धरती है, जहां शहीद वीर नारायण सिंह जैसे वीरों का योगदान रहा है।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को उपस्थित जनों ने सराहा:** कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। प्रधानमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण पर नरेंद्र मोदी के गुजरात के नर्मदा जिले से प्रसारित जनजातीय गौरव दिवस समारोह के लाइव भाषण को भी सभी अतिथियों ने देखे और सुने। प्रधानमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह की वीरता तथा नया रायपुर में स्थापित जनजातीय म्यूजियम का उल्लेख किए जाने पर उपस्थित जनों ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाईं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय इतिहास में महत्त्वपूर्ण अध्याय है। इसका उद्देश्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्षों से भावी पीढ़ी को अवगत कराना है। मुख्यमंत्री ने जनता से आग्रह किया कि जनजातीय वीरों की गाथाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने के लिए जागरूकता फैलाएँ। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, महिला एवं बाल विकास आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया।

## रुक्मिणि विवाह की आध्यात्मिक विवेचना

# मन को निर्मल करें, तन अपने आप ही निर्मल हो जायेगा : निरंजन



**भिलाई।** आज के परिवेश में हर कोई दूसरे को सुधारने के लिए आगे रहता है लेकिन अपने आप को नही सुधारता, जिस दिन व्यक्ति अपने आप को सुधार ले तो समूचे राष्ट्र से हो रहे आपराधिक कार्यों पर अंकुश लग जायेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने से मानव जीवन का सौंदर्यीकरण हो जाएगा। मन को निर्मल करे तन अपने आप ही निर्मल हो जायेगा, मानसिकता को परिवर्तित करना होगा तभी जीवन सुदृढ़ रूप से चल सकती है।

यह बातें आशीष नगर रिसाली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रवचनकर्ता संत निरंजन महाराज लिमतरा ने कही। साहू परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को वृंदावन लीला, रास लीला, कंसवध, रूखमणी विवाह की कथा पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए संत ने आगे कहा कि जीवन का सुख दुख दोनो झूठा है, ये दोनों धूप और छांव की भांति है जो पल भर में परिवर्तित होते रहती है इसलिए दोनों से ऊपर उठकर सब कुछ परमात्मा के हाथों सौंप दो। प्रवचनकर्ता ने कहा कि आज भारत देश के अंदर गौ वध किया जा रहा है जो कि भारत मां की माटी पर कलंक साबित हो रहा है। एक मां के ऊपर रहकर एक मां का वध करना अशोभनीय है। भगवान ने भी गौपालन कर गोपाल कहलाये। गौ माता के अंदर तैतीस कोटि देवी देवताओं का साक्षित्व होता है। गौ माता की सेवा करने से तैतीस कोटि देवी देवता प्रसन्न होते है। गो वंश का वर्धन करना ही गोवर्धन लीला का सार भाव है।

## परमेश्वरी भवन रिसाली में प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# बाल दिवस समारोह में चमके नन्हें कराते खिलाड़ी, 55 मेडल जीतकर किया नाम रोशन, मार्शल आर्ट प्रस्तुति ने जीता दिल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर रिसाली में बाल दिवस और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कराते प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले बच्चों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। मेडल थामे बच्चों के चेहरे खुशी से चमक रहे थे।कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि देकर की। मुख्य अतिथि घनश्याम कुमार देवांगन, अध्यक्ष देवांगन जन कल्याण समिति और भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने बाल दिवस के महत्व पर बात करते हुए नेहरू के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। शिक्षा के साथ जोड़ी गई संवेदना, अनुशासन और जिम्मेदारी उन्हें बेहतर नागरिक बनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार में बुजुर्गों का अनुभव और बच्चों का उत्साह मिलकर समाज को मजबूत बनाता है। जनरेशन गैप कम होता है और घरों में खुशहाली आती है।



### इन बच्चों का हुआ सम्मान

सम्मानित होने वाले बच्चों में मायरा बघेल, सुप्रिया साहू, भार्गवी, खुशांत वर्मा, अभ्युदय प्रसाद, उत्कर्ष सिंह, माहिर प्रकाश, कुशाग्र वर्मा, अनिक सहा, काव्य वर्मा, अमन सिंह, रिमझिम, अथर्व दूबे, अनंत तिवारी, निहारा जोशी, लक्षित वर्मा, अद्विका, मौली साहू, दीक्षा पाटिल, शौर्य चंद्र, आदित्य रंजन, भव्य वर्मा, आकृति आनंद, आशुतोष त्रिपाठी, प्रथमेश गांधी, मिहिर प्रकाश, कनिका वर्मा, कलश, इशिता वर्मा, प्रतिष्ठा तिवारी और अनुभव सिंह शामिल थे। काता और कुमीते दोनों श्रेणियों में डबल गोल्ड मेडल जीतने वाली तीन प्रतिभाशाली बच्चियों निहारा जोशी 12 वर्ष, दीक्षा पाटिल 13 वर्ष और मायरा बघेल 7 वर्ष का मंच पर विशेष सम्मान किया गया। इनकी उपलब्धि ने पूरे कार्यक्रम का माहौल गर्व से भर दिया।

### बच्चों ने कुल 55 मेडल जीते

समारोह में मार्शल आर्ट के बच्चों ने सेल्फ डिफेंस के शानदार दांव-पेंच दिखाए. दर्शकों ने उनकी दृढ़ता और तेजी को खूब सराहा अभिषेक स्पोर्ट्स और मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रशिक्षक सेंसाई अभिषेक कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने फोनिक्स गीतों रियो कराते डू एसोसिएशन इंडिया की ओपन नेशनल कराते चैम्पियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। 16 गोल्ड, 19 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 55 मेडल जीतकर इन बच्चों ने रिसाली और भिलाई का नाम रोशन किया।



## खबर संक्षेप



### विवि और महाविद्यालय को अब कार्यक्रमों के लिए लेनी होगी अनुमति

**भिलाई।** विश्वविद्यालय के रजिस्टारों एवं महाविद्यालयो के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत दिवस हुए घटना को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए सूचित किया। किसी भी आयोजन की अनुमति पूर्व से जिला प्रशासन से प्राप्त कर कार्यक्रम के पूर्व सूचना पुलिस को दे। एसएसपी विजय अग्रवाल व्दारा विश्वविद्यालय , महाविद्यालय परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाए, कार्यक्रम की सूचना पूर्व से दिए, छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दिए जाए, नशा मुक्ति का पालन किए जाने और अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करे। पुलिस के इमरजेंसी मोबाईल फोन नम्बर से भी अवगत कराया जाए। अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल ने बताया विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उसकी अनिवार्य रूप से अनुमति अनुविभागीय दण्डाधिकारी से प्राप्त करे। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी ट्रैफिक सदानंद विंध्यराज , 70 कालेज के प्रचार्य भी मौजूद थे।

### अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 17 से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल, आरक्षक नियम 2007 के नियम 12(1) के अनुरूप जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग प्रक्रिया वर्ष 2023-24 के अंतर्गत आरक्षक (चालक), आरक्षक (ट्रेडमेन) के अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक आयोजित कराया जाना है। पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के वे अभ्यर्थी जो आरक्षक ट्रेडमेन (चालक, टेंट खलासी, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई) के पदो के लिए आवेदन किए है। वे जो लिखित परीक्षा मे शामिल हुए है। वे

## कांग्रेस में प्रवक्ताओं की खोज, नीता लोधी बनीं प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

कांग्रेस में प्रखर प्रवक्ता की तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए नेशनल टैलेंट हंट के नाम पर एक अभियान शुरू किया गया है। इसमें कोई भी भाग ले सकता है, यदि इसमें प्रतिभागी का चयन होता है, तो उसे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस में प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिल सकती है। इसके लिए पूर्व महापौर नीता लोधी को जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं जिला आयोजन समिति में प्रवक्ता नासिर खोखर, जावेद खान, आशीष यदु, हेमा साहू को शामिल किया गया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर ने बताया कि कांग्रेस में प्रवक्ता चयन को लेकर नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम का आगाज हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इसकी शुरुआत की है। इस नए प्रयोग में प्रदेश भर के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं प्रवक्ताओं को संभाग का दायित्व सौंपा गया है। उनके द्वारा प्रत्येक जिले में प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत जिले में जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरने वाले प्रतिभागियों से मुलाकात करेंगे।

उनका साक्षात्कार लेंगे और कई प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद उनका जिला प्रदेश राष्ट्रीय स्तर तक चयन होगा। लिंक के माध्यम से 20 नवंबर को ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर तय की गई है। आवेदनों की स्क्रीनिंग 25 से 30 नवंबर को होगी। इसके बाद रीजनल फिजिकल इंटरव्यू और 1 से 5 दिसंबर के बीच इंटरव्यू और पैनल डिस्कशन निरंतर विधिवत रूप से किया जाएगा। उक्त प्रक्रिया में चयन मापदंड के लिए राजनीतिक जागरूकता मीडिया में उपस्थित संचार का ज्ञान त्वरित प्रतिक्रिया देना इतिहास की जानकारी कांग्रेस की रीति नीति आदर्श से जुड़ाव जैसे प्रमुख तथ्य शामिल होंगे। कांग्रेस के टैलेंट हंट कार्यक्रम को लेकर युवाओं में एक खासा जोश दिखाई पड़ रहा है। भविष्य के

## भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्पना सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्पना अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों का भी आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्पना अभियान कार्यकर्ता सम्मेलन 16 नवंबर दिन रविवार को सुबह 10:30 बजे से दुर्ग बालोद मार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ फोर्ट में आयोजित किया गया है। आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल रहेंगे। उनके साथ अतिथि में जिला भाजपा सुरेंद्र कौशिक, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे।सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले दो विधानसभा पाटन और दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्पना विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हो चुका है। आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला, दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले मंडल के भाजपा एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, बुथ के अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के सदस्य, पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। संगठन को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और कार्ययोजना को लेकर संगठन के हर कार्यकर्ता तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में भाजपा के सभी प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। लगातार इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है।

### हेड इंजूरी और फैक्चर के अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

# टाउनशिप में बढ़ रही ट्रैफिक समस्या जाम के साथ दुर्घटनाओं में भी हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में ट्रैफिक की निरंतर बढ़ती समस्या से लोगों की परेशानी बढ़ रही है।। प्रमुख मार्गो के अलावा सहायक सड़कों पर भी आवागमन के दबाव से जाम के साथ दुर्घटना की स्थिति बढ़ती जा रही है। गाड़ियों के अनुपात में सड़कों की तस्वीर नहीं बदलने और आवारा मवेशियों का खामियाजा चालकों के साथ राहगीरों को भी भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में पिछले कुछ सालों के दौरान निजी गाड़ियों के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ हुआ है। हर दूसरे घर में औसत दो से तीन दोपहिया या कारें हैं। ट्रैफिक के जानकारों के मुताबिक यहां दो लाख से अधिक निजी गाड़ियां और इससे अधिक बाहर के वाहन टाइनशिप की सड़कों से रोज गुजरते हैं। इसी अनुपात में सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या भी बढ़ रही है। लेकिन ट्रैफिक के दबाव अनुरुप न तो सड़कें बढ़ी हैं और न ही पर्याप्त चौड़ीकरण, टू लेन व फोर लेन आदि में तब्दील हो पाई हैं। भारी वाहनों के हिसाब से रोड मेंटेनेंस भी नहीं हो रहा है। डेंजर प्वाइंट, ट्रैफिक जागरुकता की कमी और सड़कों पर विचरते आवारा जानवरों ने ट्रैफिक समस्या को और तकलीफदेह और दुर्घटनाजन्य बना दिया है। सेंट्रल एवेन्यू, रेलवे एवेन्यू, उतई रोड,डीपीएस रोड, जेपी चौक रोड, सेक्टर 1 रोड और एमजीएम स्कूल रोड आदि प्रमुख सड़कों पर सुबह शाम ड्यूटी और स्कूल कालेज तथा शापिंग के समय जाम के हालात होते हैं। सर्वाधिक दुर्घटनाएं इसी समय हो रही हैं। स्कूलों व मार्केट आदि सार्वजनिक स्थलों के निकट गाड़ियों फंसती और लोग उलझते रहते हैं। रोज औसत दस से पंद्रह दुर्घटनाएं हो रही हैं और हेड इंजुरी या फैक्चर से हताहत लोग जिला अस्पताल,सेक्टर नौ हास्पिटल या अन्य अस्पतालों में भर्ती कराए जा रहे हैं। रेलवे एवेन्यू कई जगह जर्जर हो चुकी है। प्रमुख मार्गो के अलावा विभिन्न सेक्टरों की सहायक सड़कों यहां तक की इन्हें लिंक करने वाली क्रास स्ट्रीटों तक में अब ट्रैफिक की समस्या पैदा रही है। यहां इसकी एक वजह क्वार्टरो के सामने दोपहिया व कर्मशियल वाहनों का खड़े रहना भी है।

### पिछले दस साल में चारगुणा बढ़े निजी व पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन



#### आवारा मवेशियों से बढ़ी समस्या

कुछ साल पहले तक नीट एंड क्लीन दिखाई देने वाले टाउनशिप में अब आवारा मवेशियो से दोतरफा समस्या बढ़ रही है। हजारों की तादाद में गाय, बैल, सांड,बछड़े, सूअर और कुत्तों के प्रमुख सड़कों सहित क्रास स्ट्रीटों में घूमते रहने से सर्वाधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। गोबर और कचरे के फैलने से अस्वच्छता अलग बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया की टाउनशिप में ट्रैफिक की समस्या के निदान के लिए सड़कों के चौड़ीकरण, टूलेन व ओवरब्रिज बढ़ाने, सड़कों की मरम्मत, आवारा मवेशियों पर अंकुश और वाहनचालको को जागरुक करने के साथ ट्रैफिक पोस्ट निर्माण की जरुरत है।

#### बढ़ाएं टू-लेन और कम हों डेंजर प्वाइंट

ट्रैफिक की समस्या बढ़ने के बाद भी पिछले दस साल के दौरान टाउनशिप की मात्र कुछ सड़कों का ही चौड़ीकरण या टूलेन किया गया है। जेपी चौक रोड, नेहरु नगर चौक स्टील क्लब रोड और रेल व डीपीएस चौक सड़क को ही टूलेन किया गया है जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक सड़कों को टूलेन व चौड़ीकरण किए जाने की जरुरत है। चौकों का चौड़ीकरण किया गया है लेकिन सहायक सड़कों व कई क्रास स्ट्रीटों को अपडेट या डामरीकरण नहीं किया नहीं किया गया है। डेंजर प्वाइंट भी बढ़े हैं जहां आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं। खुर्सीपार गेट, मुर्गा चौक, राजीव गांधी चौक, गड्ठों से युक्त सड़क 9 तिराहा सेक्टर 7 रोड और रुआबांध सेक्टर 10 स्कूल निकट तिराहे आदि में आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।



## टाउनशिप के व्यापारियों की याचिका खारिज, बढ़ा लीज रेंट होगा पटाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हाईकोर्ट बिलासपुर ने भिलाई टाउनशिप के 32 व्यापारिओं द्वारा प्रबंधन के विरुद्ध दायर याचिका सहित 32 अन्य रिट खारिज कर दी है। निर्णय में कहा गया है कि लीज़ धारकों का नवीनीकरण का स्वचालित अधिकार नहीं है। नवीनीकरण की शर्तें सेल के विवेकाधिकार पर है। कलेक्टर के निर्देश बाध्यकारी नहीं हैं। केंद्र सरकार के उपक्रम के नाते सेल पर स्थानीय कलेक्टर के निर्देश लागू नहीं होते। न्यायालय ने सेल के पक्ष में निर्णय दिया और उसके नए लैंड प्रीमियम, ग्राउंड रेंट व अन्य चार्जेज़ को लागू माना। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा ने आदेश में कहा कि भिलाई स्टील प्लांट टाउनशिप में प्लॉट के दीर्घकालिक किरायेदारों द्वारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के खिलाफ दी गई कई रिट याचिकाओं का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने सेल द्वारा 1 अप्रैल 2025 को भेजे गए प्रस्ताव, मांग पत्र के खिलाफ याचिका दायर की, जिसमें किरायेदारों से लीज़ नवीनीकरण के समय नए लैंड प्रीमियम (भूमि मूल्य का 25%), बढ़ा हुआ ग्राउंड रेंट (भूमि मूल्य का 1% प्रति वर्ष), सेवा शुल्क (भूमि मूल्य का 2% प्रति वर्ष) व सुरक्षा जमा जैसी भारी राशि मांगी गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ये नए चार्जेज़ एकतरफा, मनमाने व गैरकानूनी हैं। मूल लीज़ अनुबंध के विरुद्ध हैं, जिसमें नवीनीकरण के समय केवल ग्राउंड रेंट अधिकतम 50% तक बढ़ाने की अनुमति थी। कोई नया प्रीमियम या अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाना था।

#### लीज नवीनीकरण को तय करेगा सेल

लीज़ नियमों के अनुसार नवीनीकरण की सभी शर्तें सेल निर्धारित कर सकता है। जुलाई 2008 की बोर्ड बैठक में प्रस्तावित नई नीति सभी किरायेदारों पर समान रूप से लागू है। केंद्र सरकार के उपक्रम के नाते सेल पर स्थानीय कलेक्टर के निर्देश लागू नहीं होते। सीधे कोर्ट में रिट नहीं किया जा सकता।न्यायालय का निर्णयदोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज कर दीं।लीज़ धारकों का नवीनीकरण का स्वचालित अधिकार नहीं है। नवीनीकरण की शर्तें सेल के विवेकाधिकार में हैं। याचिकाकर्ताओं ने समय से नवीनीकरण हेतु आवेदन नहीं किया। 2008 की नीति कानूनी है और सभी पर लागू होगी।

याचिकाकताओं का मुख्य दलील अनुबंध अधिकारों का उल्लंघन, मूल लीज़ में नवीनीकरण के समय अतिरिक्त प्रीमियम या सेवा शुल्क लेने का कोई प्रावधान नहीं है। जिला कलेक्टर दुर्ग के 31 जुलाई 2019 के पत्र में स्पष्ट किया गया था कि नवीनीकरण के समय कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं लिया जा सकता। सेल ने बिना पूर्व सूचना, परामर्श के 2008 में नए प्रीमियम की नीति लागू कर दी। अनुबंध की शर्तों को मनमाने ढंग से बदलना अनुचित और न्यायसंगतता के विरुद्ध है। झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सेल की इसी तरह की नीतियां रद्द की जा चुकी है। सेल और प्रतिवादीयों की दलीलें नवीनीकरण का स्वचालित अधिकार नहीं है। पूर्व लीज़ समाप्ति के बाद किरायेदार अनधिकृत कब्जेदार बन जाते हैं। नए अनुबंध पर ही नवीनीकरण संभव है।

## बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेताओं ने मनाया जोशीला जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत के बाद दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व

- भाजपा कार्यालय में मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया है। विपक्ष ने चुनाव में कई तरह के प्रचार और भ्रम फैलाने की कोशिश की, लेकिन मतदाताओं ने इसे नजरअंदाज करते



हुए भाजपा नीत गठबंधन पर भरोसा जारी रखा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं ने लोगों के जीवन में बदलाव लाया है। इसी भरोसे ने एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पूरे चुनाव अभियान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। इसी टीमवर्क ने बिहार में एनडीए की जीत को मजबूत बनाया। उन्होंने बिहार की जनता और भाजपा परिवार को धन्यवाद दिया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी जीत पर खुशी जताई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, हर्षा चंद्राकर, राजीव पांडेय, जिला मंत्री गायत्री वर्मा, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेव, कार्यालय मंत्री सैयद आसिफ अली, सह कार्यालय मंत्री राहुल पंडित, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया आदि मौजूद थे।

## नकली पुलिस बनकर लूटपाट चोरी करने वाले गिरफ्तार

भिलाई। नकली पुलिस बनकर घर में चोरी-लूटपाट करने वाले ईरानी गैंग को उतई पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम मर्रा निवासी टामिन बंजारे ने 4 नवंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई। दो अज्ञात व्यक्ति सिविल ड्रेस में उनके घर पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताकर परिवार पर ड्रग्स, गांजा बेचने का आरोप लगाया था। घर की तलाशी लेने का बहाने आरोपियों ने अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, पायल, बिछिया अन्य जेवरात लेकर फरार हो गए थे। टीआई महेश घ्रुव समेत उनकी टीम ने सीसी कैमरे से आरोपियों को खोज निकाला। फुटेज में एक संदिग्ध स्कूटी और दो युवक दिख रहे थे। रायपुर क्राइम ब्रांच की मदद से दोनों आरोपियों का शिनाख्त



ईरानी गैंग के सदस्य के रूप में हुई। दोनों आरोपी वार्ड 7 पड़ंरी रायपुर निवासी मिस्कीन अली, टेकरी रोड रायपुर महवाल अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सोने-चांदी के जेवरात को रायपुर के हलवाई लाइन स्थित ज्वेलर्स शॉप में बेचकर 66 हजार रुपए आपस में बांट लिए थे। बिना नंबर वाली स्कूटी 50 हजार, मोबाइल, 70 हजार के जेवरत, नगद 20 हजार जब्त किया। सोने का एक मंगलसूत्र को आरोपी मिस्कीन अली के घर से जब्त किया गया। आरोपियों ने माह अक्टूबर महीने में रिसाली सेक्टर भिलाई, मैत्री नगर, गाड़ाडीह में भी लूट किया था।

## सांसद, विधायक, प्रभारी सचिव, कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ली धान खरीदी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

प्रदेश के साथ-साथ शनिवार से दुर्ग जिले में किसानों का महापर्व धान खरीदी तिहार प्रारम्भ हो गया है। सहकारी समिति मर्यादित चंदखुरी में सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के आतिथ्य एवं जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि वोरा, कमिश्नर एस.एन. राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। सांसद, विधायक एवं अधिकारियों ने उपार्जन केंद्र में छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान बलराम के छाया चित्र, तौल यंत्र का पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित व श्रीफल तोड़कर किसानों से धान खरीदी प्रारंभ किए। उपार्जन केंद्र चंदखुरी में किसान राजेन्द्र चंद्राकर, अखिल कुमार, भानु प्रताप, भगोलीराम, ओमप्रकाश और



विश्वनाथ से 507.86 क्विंटल धान की खरीदी की गई। विजय बघेल ने कहा कि सरकार द्वारा भुइया के भगवान किसान के लिए बनाए गए योजना के तहत धान खरीदी का शुभारंभ किए है। उन्होंने सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कि योजनाएं किसान हित में है। किसान की प्रगति के साथ देश और प्रदेश की विकास जुड़ा है। सरकार जो कहती है उसे पूरा करती है। इस अवसर पर एडीएम अभिषेक अग्रवाल, एस डी एम हरवंश सिंह मिरी एवं अन्य अधिकारीगण, समिति प्रबंधक किरण साहू, सरपंच कविता ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनायक ताम्रकार, सोसाइटी अध्यक्ष डोमेन्द्र चंद्राकर, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच कविता ठाकुर, सरपंच योगिता यादव, योगेन्द्र दिल्लीवार, भूपेन्द्र साहू, सरपंच कोनारी गुजेश्वरी साहू, खेमलाल चंद्राकर, टीकम चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### मशीन-2 में लंबे समय से बनी हुई थी दिक्कत

## सिंटरिंग प्लांट-तीन में बिछी सीओ गैस की नई पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट-3 क्षेत्र में मशीन-2 के लिए 600 मिमी व्यास की नई वैकल्पिक सीओ गैस लाइन का उद्घाटन शनिवार को कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार द्वारा

- लो प्रेशर से मिलेगी मुक्ति

किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एम एंड यू) बीके बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) पीके सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी एवं एसपी-3) सजीव वर्गीज़ उपस्थित थे।

मशीन-2 में लंबे समय से गैस सप्लाई



के दौरान फ्रीक्वेंट चोकिंग, अनियमित गैस फ्लो तथा लो प्रेशर जैसी समस्याएं देखी जा रही थीं। इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए 600 मिमी व्यास की यह नई सीओ गैस लाइन को बनाया गया। नई लाइन लगभग 250 मीटर लंबी है और इसने पुरानी 300 मिमी गैस लाइन को प्रतिस्थापित किया है, जिसे भविष्य के लिए स्पेयर सीओ गैस लाइन के रूप में संरक्षित किया गया है। कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने इस उपलब्धि पर सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि नई वैकल्पिक गैस लाइन मशीन-2 की गैस सप्लाई को अधिक स्थिर, विश्वसनीय और सुरक्षित बनाते हुए उत्पादन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

इस कार्य को ईडीडी, एनर्जी मैनेजमेंट, सीईडी, पीएलइएम, सर्वे, इंस्ट्रूमेंटेशन तथा एसपी-3 विभागों के सामूहिक प्रयास से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सभी विभागों की समन्वित टीमवर्क ने कार्य को सुरक्षित, समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ निष्पादित किया।

एसपी-3 में इस कार्य को महाप्रबंधक आईवी रमना, महाप्रबंधक एके बेडेकर, महाप्रबंधक आरडी शर्मा, उप महाप्रबंधक एमयू राव, सहायक महाप्रबंधक डीके गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी, वरिष्ठ प्रबंधक ओम नमः शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक जितेश शाहनी, वरिष्ठ प्रबंधक अरुणेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक विपिन मौर्य, वरिष्ठ प्रबंधक एसके पाटिल, उप प्रबंधक वीके चौधरी, तथा सहायक प्रबंधक अजीत साहू के नेतृत्व में योजनाबद्ध ढंग से निष्पादित किया गया। इस कार्य में महाप्रबंधक प्रभारी ईडीडी मुजीब हुसैन, महाप्रबंधक मेजी मेजर सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपा चरोदा मंडल ने मनाया विजय उत्सव



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल द्वारा बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर विजय उत्सव मनाकर पटाखे फोड़ कर मिठाइयां वितरण किया। मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्तव में आयोजन हुआ। गौरीशंकर ने कहा कि बिहार की जनता मोदी के विकास पर वोट देकर जीत दिलाई है। इस दौरान वरिष्ठ बाजपेई, के विश्वनाथन, महामंत्री राजेश मौर्या,परमजीत सिंह, जी राम रेड्डी, डी वेंकट, टी रमन, सुशील यादव, मलय बनर्जी, विष्णु अग्रवाल, एम अरुण, प्रसून बनर्जी, महेश तिवारी, लोहा दास समेत रेचल मसीह,आशा यादव, वेद प्रकाश पांडे, गीता साहू समेत सैकड़ों की संख्या में कार्याकर्ता मौजूद थे।

